











# बुजुर्गों ने रस्साकसी में लगाया जोर, ढोढर में बॉलीबॉल का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 14 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन एवं नोडल अधिकारी आनंद विभाग सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद के निर्देशन में मध्यप्रदेश आनंद विभाग द्वारा 14 से 28 जनवरी तक ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में आनंद उत्सव कार्यक्रमों की शुरुआत जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बगदिया एवं ढोढर से शुरुआत हुई।

**नगरीय क्षेत्र विजयपुर से हुआ आनंद उत्सव का आगाज**

ग्राम पंचायत बगदिया में बुजुर्गों ने रस्साकसी में जोर लगाया तो ढोढर में बुजुर्गों ने वॉलीबॉल खेल का आनंद लिया रस्साकसी में जोर लगाते हुए बुजुर्गों ने कहा कि वाकई यह आनंद उत्सव मानवीय जीवन में आनंद के उन क्षण को याद दिला देता है जो हम बचपन में जिया करते थे आज भी उन परंपरागत खेलों में वही आनंद छिपा हुआ है इसके साथ ही नगरीय क्षेत्र विजयपुर में भी आनंद उत्सव कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

कार्यक्रम में बालक बालिकाओं ने कबड्डी खेल का आनंद लिया नगर परिषद विजयपुर द्वारा आनंद उत्सव कार्यकम की शुरूआत कबड्डी एवं रस्सी खींच कार्यक्रम से की गई आनन्द उत्सव उत्सव अंतर्गत कार्यक्रम प्रहलादपुरा स्कूल प्रांगण में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री अरविन्द सिंह जादौन ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष कमलेश कुशवाह, भाजपा मंण्डल अध्यक्ष शुभम मुद्गल एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रदीप शर्मा आनंद उत्सव नोडल अधिकारी आविद खांन एवं योजना प्रभारी जितेन्द्र उपाध्याय के साथ भाजपा कार्यकर्तागण एवं गण मान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

राज्य आनंद संस्थान के मास्टर ट्रेनर राजा खान ने जानकारी देते हुए बताया है कि 14 से 28 जनवरी तक आनंद उत्सव के कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्र में जारी हैं जिसके तहत आज जनपद पंचायत श्योपुर के बगदिया एवं ढोढर और जनपद पंचायत कराहल के आवदा पंचायत नगरीय क्षेत्र विजयपुर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने बताया कि तीन पंचायतों के क्लस्टर बनाकर आनंद उत्सव के कार्यक्रम राज्य शासन के निर्देश अनुसार आयोजित जा रहे हैं उक्त कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बगदिया के सरपंच महेश सिंह जादौन सचिव राम सिंह मीणा, ढोढर ग्राम पंचायत के सरपंच नारायण सिंह गोयल, सचिव रामभरोस गुप्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इसी अनुसार 15 जनवरी को जनपद पंचायत श्योपुर की मानपुर एवं सेमल्दा, कराहल जनपद की बाढ़ एवं मोरावन पंचायत के साथ नगरीय क्षेत्र में बड़ौदा में भी कार्यकम आयोजित किए जायेगे।

# सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस पर पूर्व सैनिकों एवं परिजनों का सम्मान

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 14 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा 10वे सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस 14 जनवरी के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से जिले के पूर्व सैनिकों तथा परिजनों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन सहित आदि अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिकों कैप्टन राजेश कुमार सिंह, हवलदार पवन कुमार शर्मा, सूबेदार महेन्द्र सिंह, रायफलमैन कादर अली, नायक मांगीलाल, नायक सूबेदार सुल्लखन सिंह, नायक रामनाथ आर्य, सवार संदीप सिंह राठौर, हवलदार तैयब्ब अली, हवलदार बापू सिंह, हवलदार लोकेन्द्र राठौर, हवलदार सूबेदार सिंह सहित पूर्व सैनिक हवलदार स्व. नंदलाल की पत्नि श्रीमती मांगीबाई को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

# चकबमूलिया एवं नौनार टपरे में 40 लीटर हाथभट्टी मदिरा बरामद

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 14 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा एवं ग्वालियर संभाग आबकारी उपायुक्त संदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला आबकारी अधिकारी कमल सिंह सिकरवार के निर्देशन में जिले में अवैध मदिरा के विक्रय पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।



जिला आबकारी अधिकारी कमल सिंह सिकरवार ने बताया कि आबकारी वृत कराहल के चकबमुलिया और नौनार के टपरे में दबिश दी गई। लगभग 40 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई एवं 1800 किलोग्राम लाहन मौके पर नष्ट किया गया। आबकारी बल द्वारा की गई कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत 5 प्रकरण दर्ज किये गये, जप्त शुदा सामग्री की कुल कीमत लगभग 188000 रुपये पाई गई ।

कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी लोकेश तिवारी, आबकारी उपनिरीक्षक संजीव कुमार धुर्वे, आरक्षक राजेंद्र शर्मा, कोक सिंह रावत, वृगभान सिंह जाटव, मोनू शाक्य एवं अन्य आबकारी बल का सराहनीय योगदान रहा।

# संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शिविरों का आयोजन जारी

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 14 जनवरी।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार संकल्प से समाधान अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत भारत सरकार एवं राज्य शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को प्रदान किया जायेगा।

**कलस्टर एवं विकासखण्ड वार शिविरों का आयोजन भी होगा**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन तथा सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद के निर्देशन में श्योपुर जिले की सभी 236 ग्राम पंचायतों में अभियान के तहत शिविरों का आयोजन जारी है। इसके लिए तिथि एवं पंचायत वार कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके अलावा 19 कलस्टर स्तर के शिविर भी आयोजित किये जायेंगे, इसके उपरांत तीनों विकासखण्ड मुख्यालयों पर विकासखण्ड स्तरीय शिविरों का आयोजन होगा।

संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों के माध्यम से हितग्राहियों को उनकी पात्रतानुसार लाभ प्रदान करने हेतु डोर टू डोर आवेदन प्राप्त किये जायेंगे तथा शिविर भी लगाये जायेंगे। पंचायत स्तर पर प्राप्त आवेदनों का निराकरण संबंधित विभागों द्वारा किया जायेगा। इसके बाद कलस्टर स्तर पर आयोजित शिविरों में निराकरण से शेष आवेदनों तथा नवीन आवेदनों का निराकरण करने की कार्यवाही की जायेगी।

कलस्टर लेबिल पर निराकरण से शेष आवेदन विकासखण्ड स्तर पर आयोजित शिविर में निराकरण के लिए रखे जायेंगे, इसके साथ ही नवीन आवेदन भी प्राप्त किये जायेगे, जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से हितग्राहियों को लाभ का वितरण किया जायेगा।

**15 जनवरी को 16 स्थानों पर लगेगे पंचायत स्तरीय शिविर :** संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन जारी है, इसी क्रम में 15 जनवरी को श्योपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत ललितपुरा, मानपुर, चकबमूलिया, बगडुआ, ढोढपुर तथा अडवाड में शिविर आयोजित किये जायेगे। इसी प्रकार 15 जनवरी को विजयपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बडागांव, पार्वती बडौदा, आरोदा, गोपालपुर, बलावनी, बरोली तथा देहरी में शिविर का आयोजन होगा। कराहल विकासखण्ड अंतर्गत 15 जनवरी को ग्राम पंचायत कराहल, बाढ एवं बंधाली में शिविर लगाये जायेगे। यह शिविर प्रातः 10 बजे से सांय 05 बजे तक आयोजित होगे, शिविरों के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है तथा ग्राम स्तरीय दल में पटवारी, पंचायत सचिव, जीआरएस, आरएईओ, आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता आदि मैदानी अमले को शामिल किया गया है।

**कलस्टर एवं विकासखण्ड वार शिविरों का आयोजन भी होगा**

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार अभियान के तहत कलस्टर एवं विकासखण्ड स्तर पर आयोजित होने वाले शिविरों के लिए तिथि निर्धारित की गई है। जारी आदेश के अनुसार 19 स्थानों पर कलस्टर लेबल के शिविर आयोजित होगे, इसके अंतर्गत 16 फरवरी को सोईकंला में, 17 फरवरी को बगवाज में, 18 फरवरी को रघुनाथपुर में, 19 फरवरी को दांतरदा कलां में, 20 फरवरी को आवदा में, 21 फरवरी को वीरपुर में, 23 फरवरी को अजापुरा में, 24 फरवरी को कराहल में, 25 फरवरी को अगरा में, 26 फरवरी को पाण्डोला में, 27 फरवरी को खिरखिरी में, 28 फरवरी को खितरपाल में, 02 मार्च को रतोदन में, 05 मार्च को गसवानी में, 06 मार्च को ललितपुरा में, 07 मार्च को गोहटा में, 09 मार्च को प्रेमसर में, 10 मार्च को टर्राकलां में तथा 11 मार्च को मानपुर में कलस्टर स्तर के शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों के लिए संबंधित जनपदों के सीईओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार अभियान के तहत विकासखण्ड स्तर पर भी शिविर का आयोजन होगा, 18 मार्च को जनपद पंचायत सभागार विजयपुर में, 24 मार्च को जनपद पंचायत सभागार श्योपुर में तथा 25 मार्च को जनपद पंचायत सभागार कराहल में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर लगाये जायेगे। इन शिविरों के लिए संबंधित एसडीएम नोडल अधिकारी रहेंगे।

## एक नजर में

### मऊ विद्यालय में हेल्थ चेकअप

**श्योपुर, 14 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार आरबीएसके टीम द्वारा आज शासकीय प्राथमिक विद्यालय मऊ में शिविर लगाकर बच्चों का हेल्थ चौकअप किया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा बच्चों की हीमोग्लोबिन जांच की गई तथा बच्चों को आयरन गोली खाने के लिए जागरूक किया गया। आरबीएसके की समन्वयक श्रीमती स्नेहलता गुर्जर ने बताया कि हेल्थ कैंप के दौरान एनिमिया से संबंधित जानकारी प्रदान की गई।



### हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम अंतर्गत कार्यशाला आयोजित

**श्योपुर।** शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय श्योपुर में मैंटल हेल्थ ट्रेनिंग प्रोग्राम के अन्तर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। हार्टफूलनेस संस्था की तरफसे समन्वयक के रूप में एमपी विद्युत मंडल महाप्रबंधक लक्ष्मीनारायण पाटीदार द्वारा मैंटल हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम की कार्यशाला में महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफएवं छात्राओं को मन की एकाग्रता विषय पर जानकारी प्रदान की गई। साथ ही प्रशिक्षक रामप्रसाद पारेता द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के लिए आध्यात्मिक जीवन को अपनाने पर बल दिया गया। कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओपी शर्मा, डॉ. श्यामलाल बामनिया, महाविद्यालय का शैक्षणिक स्टाफऔर छात्राएं ने भाग लिया।





### वैष्णव छात्रावास पर 1 से होगी श्रीराम कथा, तैयारियां शुरू

**श्योपुर।** वैष्णव समाज द्वारा समाज के छात्रावास भवन पर श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। 1 फरवरी से शुरू होने वाली श्रीराम कथा की आयोजन समिति ने तैयारियां शुरू कर दी है। मकरसंक्राति के अवसर पर बुधवार को टोड़ी गणेश मंदिर पर भगवान गणेश जी को निमंत्रण देकर कार्यक्रम की शुरूआत कर दी है। इसके अलावा समाज बंधुओं ने किला स्थित राममंदिर पर भी भगवान को निमतंण दिया है।



आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 फरवरी को सुबह 8 बजे से खुलखुली माता मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा के शहर के पीली कोठी, फक्कड़ चौराहा होते हुए कथा स्थल छात्रावास भवन पर पहुंचकर संपन्न होगी। कथा में कथा व्यास महाराज घनश्याम वैष्णव रामधाम बालाजी सरकार अरणिया नीमच वालों द्वारा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक भक्तों को कथा का रसपान कराया जाएगा। 09 फरवरी को भंडारे के साथ कथा का समापन किया जाएगा। भगवान गणेश जी को निमंत्रण देने के दौरान समाज अध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव बगदिया, शंभूदयाल शर्मा जैनी, रघुवीर शर्मा जैनी, रामभरोष शर्मा, हरिओम वैष्णव पाठक प्रेमसर मंडल अध्यक्ष, दीपक वैष्णव, सत्यनाराण वैष्णव बंबोरी, नारायण वैष्णव जैनी, सुरेश वैष्णव पत्रकार, ओमप्रकाश वैष्णव किला, रामस्वरूप वैष्णव, रघुवीर वैष्णव दांतरदा, राधेश्याम तलावदा, देवीराम वैष्णव लाथ, पप्पू वैष्णव कीरपुरा आदि समाज बंधु उपस्थित रहे।

# फोर्टीफाइड चावल एवं नमक का सेवन एनीमिया को दूर करने में सहायक

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 14 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन तथा सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद के निर्देशन में राज्य तकनीकी सहायता इकाई राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर, न्यूट्रीशन इंटरनेशनल एवं एम्स भोपाल के सहयोग से मध्यान भोजन् सांझा चूल्हा के अध्यक्ष सचिव को कार्यशाला के माध्यम से भोजन में फोर्टीफाइड चावल एवं डबल फोर्टीफाइड नमक के उपयोग के प्रति जागरूक किया गया।



जनपद सभागार कराहल में सीईओ जनपद कराहल राकेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला के दौरान एनआरएलएम ब्लॉक मैनेजर श्रीमती सोनिया परिहार, रामराज मीणा, महात्मा गांधी सेवा आश्रम से नीरज श्रीवास्तव, श्रीमती ज्योति रजक एवं रूम टू रीड के प्रोग्राम असिस्टेंट विवेक परिहार उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्था के संभागीय समन्वयक पवन मुदगल द्वारा अवगत कराया गया कि विकासखंड कराहल की सभी शा.उचित मूल्य दुकानों से फोर्टीफाइड चावल एवं वन्या प्लस डबल फोर्टीफाइड नमक का वितरण किया जा रहा है इनके उपयोग से खून की कमी (एनीमिया) को दूर किया जा सकता है। बताया गया कि फोर्टीफाइड चावल के दाने पकाते या धोते समय अलग दिखाई दें तो इन्हें निकालना नहीं है बल्कि सामान्य चावल की तरह सेवन करना है इन्हें प्लास्टिक के चावल ना समझे यह चावल पोषण युक्त चावल है। इसी प्रकार आयोडीन एवं आयरन युक्त डबल फोर्टीफाइड नमक मध्य प्रदेश के 20 जिलों में शा.उचित मूल्य की दुकान से 1 रूपये प्रति किलो की दर से प्रदान किया जाता है। उक्त डबल फोर्टीफाइड नमक में जो काले दाने मिलाए जाते हैं वह आयरन लोह तत्व के कण हैं इसके सेवन से खून की कमी को दूर किया जा सकता है। इस इस अवसर पर महात्मा गांधी सेवा आश्रम से ब्लांक समन्वयक नीरज श्रीवास्तव द्वारा, शुद्ध पेयजल के उपयोग को लेकर चर्चा की गई जिसमें सभी को बताया गया कि भोजन बनाने में साफपानी का उपयोग किया जाए, आंगनबाड़ी, स्कूल के आसपास के जल स्त्रोतों की नियमित सफाई करवाना, यदि पानी नलों से आ रहा है तो, यह आवश्यक रूप से देख लें कि नलों की लाइनों में कहीं लीकेज तो नहीं,या इनमें दूषित जल तों नहीं आ रहा है।

# विकासखण्ड स्तरीय चयन ट्रायल 15 को

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 14 जनवरी।** मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। श्योपुर में विकासखण्ड स्तरीय चयन ट्रायल 15 जनवरी को होगा।

खेल अधिकारी अरूण सिंह ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के मार्गदर्शन में खेलो एमपी यूथ गेम्स अंतर्गत ब्लॉक एवं जिला स्तर पर एथेलेटिक्स, बास्केटबॉल, बेडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, खो-खो, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, टेबिल टेनिस, बॉलीवाल, क्रिकेट, शंतराज आदि प्रतियोगिताओं का बालक एवं बालिका वर्ग में आयोजन किया जायेगा।

**खेलो एपी यूथ गेम्स 2025-26 का आयोजन**

उन्होने बताया कि विकासखण्ड स्तरीय चयन ट्रायल क्रिकेट लैदर बॉल खेल की चयन ट्रायल वीर सावरकर स्टेडियम शिवपुरी रोड पर तथा फुटवॉल, कबड्डी, खो-खो, हॉकी, रस्साकस्सी, पिट्ठु, बैडमिंटन, टेबिल टेनिस, जूडो, व्हालीवॉल तथा एथलेटिक्स आदि खेलों की चयन ट्रायल पीजी कॉलेज श्योपुर के खेल मैंदान पर तथा बास्केटवॉल खेल की चयन ट्रायल नवोदय विद्यालय श्योपुर के बास्केटवॉल कोर्ट पर आयोजित की जायेगी। उन्होने बताया कि आदर्श आवासीय एकलव्य विद्यालय कराहल में 16 जनवरी को प्रातः 11 बजे से होगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 19 जनवरी को प्रातः 11 बजे से पीजी कॉलेज खेल मैदान श्योपुर, वीर सावरकर स्टेडियम, देहात थाना खेल मैदान श्योपुर एवं ढेगदा खेल परिसर में होगी। जिला स्तर पर चयनित खिलाडी संभाग एवं राज्य स्तर पर सहभागिता करेंगे। राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तथा चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडियों को क्रमशः 31 हजार, 21 हजार, 11 हजार एवं 7 हजार रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी। सभी खिलाडियों को चयन ट्रायल में अपने साथ पासपोर्ट साइज फोटो, बोर्ड अंकसूची, आधार कार्ड, मूलनिवासी प्रमाण पत्र की छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य होगा। साथ ही सभी खिलाडियों का लिंक पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है।

### पुरानी कलेक्ट्रेट परिसर में मिलेट फेस्टिवल 16 से

**श्योपुर, 14 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन तथा सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद के निर्देशन में पुरानी कलेक्ट्रेट परिसर में 16 जनवरी से 20 जनवरी तक मिलेट फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वाधान में आयोजित मिलेट फेस्टिवल में स्वदेशी व्यंजन एवं आजीविका उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जायेगा। डीपीएम एनआरएलएम सोहनकृष्ण मुदगल ने बताया कि श्री रामतलाई हनुमान जी मंदिर के सामने स्थित पुराने कलेक्ट्रेट परिसर में 16 से 20 जनवरी तक प्रातः 9 बजे से शाम 6 बजे तक मिलेट फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है।

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 14 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने निर्देश दिये कि मुख्य समारोह के भव्य एवं गरिमापूर्ण आयोजन की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि 24 जनवरी को फुल डेऊस फइनल रिर्हसल आयोजित होगी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**भव्य एवं गरिमापूर्ण आयोजन की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें : एसडीएम**



अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने निर्देश दिये कि वीर सावरकर स्टेडियम श्योपुर में प्रातः 09 बजे से आयोजित होने वाले मुख्य समारोह के भव्य एवं गरिमापूर्ण आयोजन की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाये, जिन अधिकारियों को आयोजन के संबंध में जिम्मेदारियां सौपी गई है, वे अपने दायित्वो को समय पर पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी शासकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर होने वाले ध्वजारोहण की व्यवस्थाएं बेहतर तरीके से सुनिश्चित की जायें। शासकीय कार्यालयो में साफ-सफाई सुनिश्चित की जायें तथा गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रातः 7.30 बजे सभी स्टॉफके साथ उत्साहपूर्ण वातावरण में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाये। इसके साथ ही पूर्व से ही सभी कार्यालयों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर आकर्षक रोशनी की जायें।

अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने निर्देश दिये कि गणंतत्र दिवस के मुख्य समारोह के दौरान विभागों द्वारा झांकियों का आयोजन सुनिश्चित किया जायें, उन्होंने कहा कि एनआरएलएम, जनजाति कार्य विभाग, स्वास्थ्य, पशुपालन, उद्यानिकी, कृषि, पीडब्ल्यूडी, वन विभाग, महिला बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा विकास कार्यो एवं योजनाओं पर आधारित झांकियां तैयार की जायें। पीएचई द्वारा जल स्वच्छता एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संकल्प से समाधान अभियान आधारित झांकियां आयोजित की जायें।

**उत्कृष्ट कार्य के लिए कर्मचारी होगे सम्मानित :** अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने कहा कि गणंतत्र दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले मैदानी एवं अन्य कर्मचारियों को सम्मानित किया जायेगा। उन्होने निर्देश दिये कि इसकी संख्या सीमित रहेगी, जिन भी कर्मचारियों को पुरस्कार के लिए अनुशंसित किया जायें, उनके बारे में कार्य की उत्कृष्टता के बारे में टिप्पणी अंकित करनी होगी।

### समय सीमा की बैठक आयोजित

अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने इस अवसर पर आयोजित समय सीमा की बैठक में निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय सीमा में सकारात्मक रूप से किया जायें। कोई भी शिकायत नॉन अटेंडेन्ट न रहें, एल-3 पर भी शिकायतों को अटेंन्ड किया जायें। इस दौरान उन्होंने जनसुनवाई, सीएम मॉनिट तथा टीएल मार्क आवेदनों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी लक्ष्य के अनुसार कार्य करें तथा लोगों की समस्याओं का गंभीरता से निराकरण सुनिश्चित करें।